राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल की खिलाड़ियों को बधाई

जयपुर 07 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य खेलों के समापन समारोह के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जयपुर आये खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल ने कहा है कि खेलों से युवा पीढी में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। खेलों में किसी को हार या किसी को जीत मिलती है। हार से घबराने की जरूरत नही है। जीवन में हार भी प्रगति की ओर बढ़ने का मौका होता है।

राज्यपाल की श्रीमती रूमा देवी को बधाई

जयपुर 07 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान बाडमेर की अध्यक्ष श्रीमती रूमा देवी को जानकी देवी पुरस्कार से नवाजे जाने पर बधाई दी है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि राजस्थान में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की पहचान बनी श्रीमती रूमा देवी ने ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए सराहनीय कार्य किया हैं।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जस.) राज्यपाल